University of Lucknow लखनऊ विश्वविद्यालय | 100 Years 1920-2020 Centennial Celebrations शताब्दी उत्सव

**प्रो. अवधेश त्रिपाठी**
अधिष्ठाता
महाविद्यालय विकास परिषद
**Prof. Audhesh Tripathi**
Dean
College Development Council

**Department of Commerce**
**लखनऊ विश्वविद्यालय**
लखनऊ-226 007 (उ.प्र.) भारत
**University of Lucknow**
LUCKNOW-226 007 (U.P.) INDIA

Ref. No. ........................
Date..............................

सेवा में,

**प्रबंधक/प्राचार्य/प्राचार्या,**
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
(लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, रायबरेली एवं लखीमपुर–खीरी)
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

**विषयः–"भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी की जयन्ती/जन्म शताब्दी वर्ष के समापन के अवसर पर 25 दिसम्बर, 2025 को भव्य समापन समारोह कार्यक्रम का आयोजन"।**

**महोदय/महोदया,**

कृपया कुलसचिव के संलग्न पत्र GA-22638-41 दिनांक 19.12.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से शासन के पत्र – शिक्षा निदेशक (उ०शि०), शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग, प्रयागराज के पत्रांकः डिग्री विकास/2496/2025–26, दिनांक 16.12.2025 दिनांक 16 दिसम्बर, 2025 द्वारा "भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी की जयन्ती/जन्म शताब्दी वर्ष के समापन के अवसर पर दिनांक 25 दिसम्बर, 2025 को समापन समारोह कार्यक्रम का आयोजन" किये जाने के सम्बन्ध में पत्र में उल्लेखित दिशा–निर्देशों का अनुपालन कराते हुए कृत कार्यवाही की आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश प्रदान किये गये है।

अतः शासन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में मा० कुलपति महोदया के आदेश के अनुपालन में आपको निर्देशित किया जाता है कि शासन के संलग्न पत्र में उल्लेखित दिशा–निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कृत कार्यवाही की आख्या निदेशालय की ई–मेल आई०डी० पर प्रेषित करने का कष्ट करें। विश्वविद्यालय स्तर से प्रो० अवधेश कुमार, अधिष्ठाता महाविद्यालय विकास परिषद, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को नोडल अधिकारी नामित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है जिनसे सम्पर्क/समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम का सफल आयोजन करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(प्रो० अवधेश कुमार)
अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद,
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

**संलग्नक : यथोपरि।**

**संख्या–**916/CDC **दिनांक–**23/12/2025

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. निजी सचिव कुलपति, मा० कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. प्रो० अवधेश कुमार, अधिष्ठाता महाविद्यालय विकास परिषद, ल०वि०वि०।
3. इंचार्ज वेबसाईट को इस आशय के साथ प्रेषित नोटिस को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने एवं समस्त महाविद्यालयों को ई–मेल पर प्रेषित करने का कष्ट करें।

अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद

100 Years 1920 - 2020
University of Lucknow | Centennial Celebrations
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी उत्सव

लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ 226007 (उ.प्र.) भारत
University of Lucknow
Lucknow-226007(U.P)INDIA

संख्या ..........................................

दिनांक..........................................

सेवा में,

1. **समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक/प्रभारी/समन्वयक**
2. **समस्त प्राचार्य/प्राचार्या सहयुक्त महाविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ (जनपद–लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई)**
   लखनऊ विश्वविद्यालय,
   लखनऊ।

**विषयः–"भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी की जयन्ती/जन्म शताब्दी वर्ष के समापन के अवसर पर 25 दिसम्बर, 2025 को समारोह पूर्वक कार्यकम का आयोजन"।**

**महोदय,**

कृपया उपर्युक्त विषयक शिक्षा निदेशक (उ0शि0), शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग, प्रयागराज के पत्रांकः डिग्री विकास/2496/2025–26, दिनांक 16.12.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके साथ संलग्न शासन के पत्र दिनांक 16 दिसम्बर, 2025 द्वारा **"भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी की जयन्ती/जन्म शताब्दी वर्ष के समापन के अवसर पर 25 दिसम्बर, 2025 को समारोह पूर्वक कार्यकम का आयोजन"** किये जाने के सम्बन्ध में पत्र में उल्लिखित दिशा–निर्देशों का अनुपालन कराते हुए कृत कार्यवाही की आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश प्रदान किये गये है।

अतः शासन द्वारा दिये गये निर्देश के कम में मा0 कुलपति महोदया के आदेश के अनुपालन में अनुरोध है कि शासन के संलग्न पत्र में उल्लिखित दिशा–निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कृत कार्यवाही की आख्या निदेशालय की ई–मेल आई0डी0 पर प्रेषित करने का कष्ट करें। विश्वविद्यालय स्तर से प्रो0 नन्द लाल भारती, लोक प्रशासन विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को नोडल अधिकारी नामित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

भवदीया,

**संलग्नक : यथोपरि।**

**(डॉ0 भावना मिश्रा)**
**कुलसचिव**

संख्या–GA-22630-41 दिनांक– 19/12/2025

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. प्रो0 नन्दलाल भारती, लोक प्रशासन विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि शासन के संलग्न पत्र में उल्लिखित दिशा–निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए कृत कार्यवाही की आख्या उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि उक्त से शासन को ससमय अवगत कराया जा सके।
3. प्रो0 अवधेश त्रिपाठी, अधिष्ठाता महाविद्यालय विकास परिषद, ल0वि0।
4. शिक्षा निदेशक (उ0शि0), शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग, प्रयागराज के पत्रांकः डिग्री विकास/2496/2025–26, दिनांक 16.12.2025 के कम में सूचनार्थ।
5. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

251.
17/12/25

प्रेषक,

**अत्यन्त महत्वपूर्ण/ई – मेल/ समयबद्ध**

शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग,
प्रयागराज।

सेवा में,

1. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
2. कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त जमपदीय नोडल अधिकारी, उच्च शिक्षा।

पत्रांकः- डिग्री विकास/ 2496 /2025-26 दिनांक – 16/12/2025

विषय – "भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयन्ती/जन्म शताब्दी वर्ष के समापन के अवसर पर 25 दिसम्बर, 2025 को समारोह पूर्वक कार्यक्रम का आयोजन"।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या 474/सत्तर – 7 – 2025 दिनांक 15 दिसम्बर, 2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जो "भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयन्ती/जन्म शताब्दी वर्ष के समापन के अवसर पर 25 दिसम्बर, 2025 को समारोह पूर्वक कार्यक्रम का आयोजन" किये जाने के सम्बन्ध में हैं।

आप सभी कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालयों एवं क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि इस पत्र के साथ संलग्न शासन के पत्र में उल्लिखित दिशा निर्देशों का अनुपालन कराते हुए कृत कार्यवाही की आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारियों एवं समस्त नोडल अधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे इस पत्र के साथ संलग्न शासन के पत्र में उल्लिखित दिशा निर्देशों के क्रम में अपने क्षेत्रान्तर्गत आने वाले जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए कृत कार्यवाही की आख्या प्रेषित कराना सुनिश्चित करें।

उक्त की समस्त कृत कार्यवाही की आख्या निदेशालय की ई – मेल आई0डी0 dhedegreevikas@gmail.com पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक – यथोक्त।

भवदीय,

16/12/25

डॉ0 (शशि कपूर)
संयुक्त शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
कृते शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

पृष्ठांकन संख्या – डिग्री विकास/ 2496-99 /उसी तिथि को।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग – 7, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. अपर सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद्, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि अपने स्तर से निजी विश्वविद्यालयों की समेकित सूचना अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
3. तकनीकि सहायक, उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज को इस आशय से प्रेषित कि उक्त पत्र वेबसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

16/12

डॉ0 (शशि कपूर)
संयुक्त शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
कृते शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

"भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी" का जन्म दिवस समारोह"

महत्वपूर्ण/सर्वोच्च प्राथमिकता

संख्या- 474 /सत्तर-7-2025

प्रेषक,

एस0पी0 गोयल

मुख्य सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
2. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा अनुभाग-7 लखनऊ : दिनांक 16 दिसम्बर, 2025

विषयः-"भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयन्ती/जन्म शताब्दी वर्ष के समापन के अवसर पर 25 दिसम्बर, 2025 को समारोह पूर्वक कार्यक्रम का आयोजन"।

महोदय/ महोदया,

"भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी" का जन्म शताब्दी वर्ष दिनांक 25 दिसम्बर, 2024 से दिनांक 25 दिसम्बर, 2025 तक मनाए जाने के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या 356/सत्तर-7-2024 दिनांक 16 दिसम्बर, 2024 एवं शासनादेश संख्या 396/सत्तर-7-2024 दिनांक 27 दिसम्बर, 2024 द्वारा दिशा-निर्देश निर्गत किए गए हैं।

2- सम्पूर्ण प्रदेश में वर्ष पर्यन्त प्रेरणादायी कार्यक्रमों के सुव्यवस्थित आयोजन हेतु अन्तर्विभागीय समन्वय किए जाने के लिए उच्च शिक्षा विभाग नोडल विभाग नामित है।

3- उक्त शासनादेशों द्वारा निर्गत किए गए दिशा निर्देशों के क्रम में भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी" के जन्म दिवस के अवसर पर दिनांक 25 दिसम्बर, 2025 को प्रदेश में निम्नलिखित विवरणानुसार कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है:-

1. कक्षा 8 से कक्षा 12 के विद्यार्थियों के मध्य "भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी एवं सुशासन" विषय पर आधारित निबन्ध लेखन प्रतियोगिता (अधिकतम 1000 शब्द सीमा के अन्तर्गत) का आयोजन कराया जाए।

2. स्नातक एवं परास्नातक के छात्र-छात्राओं को "भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी" की उपलब्धियों से परिचित कराने हेतु "सुशासन के महत्व" विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाए।

3. युवा छात्र/छात्राओं के मध्य "भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी" के जीवन एवं उनकी प्रमुख कविताओं पर आधारित एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाए।

4. उपरोक्त आयोजनों हेतु प्रत्येक जनपद के जिलाधिकारी द्वारा जनपद में अवस्थापित विश्वविद्यालयों अथवा महाविद्यालयों में से किसी एक उपयुक्त स्थल का चयन कर जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाए।

5. जनपद स्तरीय निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को क्रमशः रु0 5,000/-, रु0 3,000/- एवं रु0 2000/- की पुरस्कार धनराशि एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएं।

जनपद स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः रु० 10,000/-, रु० 5,000/- एवं रु० 2,500/- की पुरस्कार धनराशि एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएं।

जनपद स्तरीय एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः रु० 10,000/-, रु० 5,000/- एवं रु० 2,500/- की पुरस्कार धनराशि एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएं।

4- विजेताओं को पुरस्कार धनराशि प्रदान करने हेतु आवश्यक धनराशि निदेशक (उच्च शिक्षा), उ0प्र0, प्रयागराज द्वारा परिक्षेत्र के सम्बन्धित क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी के माध्यम से उच्च शिक्षा विभाग के जनपद स्तरीय नामित नोडल अधिकारी को उपलब्ध कराई जाएगी।

5- उक्त कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु प्रत्येक जनपद को रु० 20,000/- की धनराशि सम्बन्धित परिक्षेत्र के क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी के माध्यम से उच्च शिक्षा विभाग के जनपद स्तरीय नामित नोडल अधिकारी को उपलब्ध कराई जाएगी।

6- जिला विद्यालय निरीक्षक, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी एवं उच्च शिक्षा विभाग के जनपद स्तरीय नामित नोडल अधिकारी द्वारा सभी इण्टर कॉलेजों एवं सभी महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को प्रतियोगिताओं में सक्रिय सहभागिता हेतु प्रोत्साहित किया जाए।

7- जनपद स्तरीय तीनों प्रतियोगिताओं का आयोजन दिनांक 18 दिसम्बर, 2025 से 22 दिसम्बर, 2025 के मध्य सम्पन्न कराए जाए।

8- उक्त कार्यक्रमों हेतु जनपद स्तर पर जिला विद्यालय निरीक्षक समन्वयक तथा उच्च शिक्षा विभाग के जनपद स्तरीय नामित नोडल अधिकारी सह-समन्वयक होंगे। सम्बन्धित जनपद के जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं की ऑडियो विजुअल रिकॉर्डिंग एवं निबन्ध प्रतियोगिताओं की entries को सुरक्षित रखा जाए, जिन्हें आवश्यकतानुसार मांगे जाने पर उपलब्ध कराया जाए।

9- जनपद स्तरीय कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु मुख्य विकास अधिकारी को नोडल नामित किया जाता है। समस्त मुख्य विकास अधिकारी सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी के नेतृत्व में सम्पूर्ण कार्यक्रम का सकुशल आयोजन कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

10- दिनांक 25 दिसम्बर, 2025 को "भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी" के जन्म दिवस के अवसर पर मा० मुख्यमंत्री जी की गरिमामयी उपस्थिति में लोक भवन के सभागार में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

11- प्रदेश के प्रत्येक जनपद में दिनांक 25 दिसम्बर, 2025 को जनपद के मा० जनप्रतिनिधिगण की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। उपरोक्त कार्यक्रमों में लोक भवन के सभागार में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीम/सजीव प्रसारण हेतु व्यवस्था की जाएगी। उपरोक्त आयोजन हेतु समस्त जनपद के जिलाधिकारी उपयुक्त सभागार/ऑडिटोरियम पूर्व से चिह्नित कर लें तथा कार्यक्रम में उक्त तीनों जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मा0 जनप्रतिनिधिगण के माध्यम से पुरस्कार धनराशि एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कराए जाएं।

12- संस्कृति विभाग के तत्वावधान में दिनांक 25 दिसम्बर, 2025 को सांय 06:00 बजे से 08:00 बजे के मध्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जनपद लखनऊ के जनपद स्तरीय एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता के विजेताओं द्वारा काव्य पाठ भी प्रस्तुत किया जाएगा।

13- उपरोक्त के अतिरिक्त सम्पूर्ण प्रदेश में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन स्थानीय नगर निकाय एवं पंचायती राज विभाग द्वारा नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में किया जाए।

14- "भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी" के जन्म शताब्दी वर्ष दिनांक 25 दिसम्बर, 2024 से दिनांक 25 दिसम्बर, 2025 की अवधि में सम्बन्धित विभागों द्वारा आयोजित किए गए कार्यक्रमों का एक संक्षिप्त विवरण ए-4 साइज पर लैण्डस्केप फॉर्मेट में एच0डी0 फोटो सहित अधिकतम 04 पृष्ठों में उच्च शिक्षा विभाग के ई-मेल higher076@gmail.com पर दिनांक 17 दिसम्बर, 2025 तक उपलब्ध कराया जाए।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपरोक्तानुसार दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(एस0पी0 गोयल)
16/7/2025
मुख्य सचिव

संख्या:- 474 (1)/सत्तर-7-2025, तददिनांक।

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन।
2- प्रमुख सचिव, नागरिक सुरक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
3- प्रमुख स्टाफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
4- निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
5- निदेशक, संस्कृति निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ, उ0प्र0।
6- निदेशक, उ0प्र0 राज्य ललित कला अकादमी, लखनऊ, उ0प्र0।
7- निदेशक, राजकीय अभिलेखागार, लखनऊ, उ0प्र0।
8- निदेशक, उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।
9- समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।
10- निदेशक, (उच्च शिक्षा) उ0प्र0, प्रयागराज।
11- निदेशक, (माध्यमिक शिक्षा) उ0प्र0, प्रयागराज।
12- निदेशक, (बेसिक शिक्षा) उ0प्र0, प्रयागराज।
13- समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।
14- समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, उ0प्र0।
15- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(एम0पी0 अग्रवाल)
प्रमुख सचिव।